### एक नजर में

#### श्रीमती गीतादेवी दिवंगत अंत्येष्टि आज



**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 10 फरवरी, का.** स्व बसंतीलाल कपास्या (टाटावाला) की धर्मपत्नी श्रीमती गीतादेवी का मंगलवार को देवलोकगमन हो गया. अंतिम संस्कार आज बुधवार को किया जाएगा. वह वरिष्ठ व्यवसायी एवं अंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जुगलकिशोर टाटा, राधारमण, अशोक कुमार की माताजी थी. सहल, सरल, मिलनसार एवं काफी धार्मिक प्रवृत्ति की श्रीमती गीतादेवी के निधन से मिलने-जुलने वालो में शोक छा गया. अंतिम संस्कार आज किया जाएगा. धानमंडी स्थित उनके निवास से प्रातः 11.30 बजे अंतिम यात्रा प्रारंभ होगी जो मुल्तानपुरा स्थित प्रकाश दाल मिल पहुंचेगी जहां अंतिम संस्कार किया जाएगा.

#### जनसुनवाई में सुनी गईं आमजन की समस्याएं



**राजगढ़ 10 फरवरी, का.** जनसुनवाई में ग्राम भियापुरा निवासी शंकरलाल ने बताया कि आवेदक की पत्नि को वृद्धवस्थु पेंशन योजना का लाभ मिलता था. परन्तु किसी कारण वश वृद्धवस्थार पेंशन योजना का लाभ मिलना बंद हो गया है. जिससे आवेदक को परेशानिया हो रही है. अपर कलेक्टरर द्वारा सीईओ राजगढ़ को आवश्य क कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम नवलपुरा निवासी उदय सिंह ने बताया कि आवेदक को सोयाबीन फसल की राशि नहीं मिली हैं. आवेदक ने बताया कि आवेदक की भूमि को किसी अन्यस नाम से चढ़ा दिया गया है तथा फसल राशि भी दूसरे के नाम पर चढ़ा दी गई हैं. जिससे आवेदक का काफी पेशानिया हो रही है. अपर कलेक्टर द्वारा नायब तहसीलदार खुजनेर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम नाहली निवासी रामसिंह ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत मकान स्वी कृत हो गया था. मकान का काम भी चालू हो गया था, दो किस्त आ भी गई थी, परन्तु किसी कारण वश अन्यम किश्तें नहीं मिल पा रही है जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टकर द्वारा एसडीएम नरसिंहगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. ग्राम झझांडपुर निवासी बदाम बाई ने बताया कि आवेदिका को पूर्व में वृद्धवस्था पेंशन योजना का लाभ मिल रहा था. जो कि किसी कारण वश वृद्धवस्था पेंशन योजना मिलना बंद हो गई है. आवेदिका को परेशानी हो रही है. अपर कलेक्टसर द्वारा सीईओ राजगढ़ को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 45 आवेदन प्राप्त हुए.

# 2029 में राहुल गांधी को पीएम बनाना है : पटवारी

## जीतू पटवारी बोले– राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है तो सभी मिलकर वोटर लिस्ट की रक्षा करें

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 10 फरवरी, सं.** मां बिजासन के पवित्र प्रांगण में हम सब उपस्थित हैं और प्रदेश की पहली पंचायत कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के विधानसभा की मीटिंग है प्रदेश में यह पहला सम्मेलन है. कांग्रेस परिवार जनो ने परिवर्तन की नींव रखी है. आगामी तीन वर्ष 2027, 28 और 29 हमारे सामने है इसमें 2027 में स्थानीय निकाय चुनाव में जीत कर हमें 2028 में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाना है और फिर 2029 में राहुल गांधीजी का प्रधानमंत्री बनाते हुए केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाना है. पंचायत स्तर पर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी वोटर लिस्ट की रक्षा करेंगे. राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनाना है तो वोटर लिस्ट की रक्षा करो. यह आव्हान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सारंगपुर विस के ग्राम भैंसवामाता के संत्यंग प्रांगण में आयोजित सारंगपुर पंचायत स्तरीय पदाधिकारियों के सम्मेलन में 98 पंचायतों के 2548 पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए व्यक्त की. उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के जोश और उत्साह की सराहना की. जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची, ब्लाक अध्यक्ष बनवारी मालवीय, रामचंद्र नागर तथा रितेश पाटीदार, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी एवं अमित बंसल व अन्य पदाधिकारियों ने जीतू पटवारी का स्वागत किया. कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतिया ने किया. इस दौरान कई भाजपा से कांग्रेस में शामिल होने वाले नेताओं का जीतू पटवारी ने स्वागत किया. मंगलवार को मां बिजासन के दरबार में पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतु पटवारी ने भैसवामाता में मां बिजासन माता मंदिर में पहुंचकर माता रानी के दंडवत दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया.



### पटवारी बोले यह नया भारत है, अमरीका प्रधानमंत्री मोदी को डरा रहा है

भैंसवामाता में हुए कांग्रेस के सम्मेलन में भाजपा सरकार को घेरते हुए प्रदेशाध्यक्ष पटवारी ने कहा कि मोदीजी का यह नया भारत है, अमरीका प्रधानमंत्री मोदी को डरा रहा है. अमरीका द्वारा कोई भी घोषणा भारत के लिए की जाती है, मोदी चुप हो जाते हैं. नरेंद्र मोदी सरेंडर हो गए. उन्होंने भारत अमेरीका ट्रेड डील को लेकर कहा कि देश के किसानों के साथ छलावा किया जा रहा है. भारत में अमेरीका से जो भी कृषि सोयबीन सहित फल सब्जी सहित सभी उत्पादन की चीज आयेगी तो टेरिफ चार्ज शुन्य रहेगा ओर भारत की कृषि उत्पादन की चीज अमेरिका में जाएगी तो 18 प्रतिशत टेरिफ देना पडेगा.

**पटवारी ने प्रधानमंत्री और कृषि मंत्री का पुतला जलाने का आव्हान किया–** मंच से भारत–अमेरीका ट्रेड डील के विरोध में कांग्रेसियों से पटवारी ने 11 फरवरी को विधानसभा के हर पंचायत में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाने का आव्हान किया. उन्होंने कहा कि सुबह 10 बजे पुतला केंद्रीय कृषि मंत्री का जलाना है.

### जो 5 साल काम करता है उसका भी सम्मान होना चाहिए

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन अभी पुरा बना नहीं है, सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी धीरे धीरे दी जाना है. जो 5 साल काम करता है उसका भी सम्मान होना चाहिए. प्रदेश कांग्रेस संगठन महासचिव संजय कामले ने कहा कि कांग्रेस संगठन अपने नये रुप में ग्राम स्तर पर मजबूत होते हुए हम देख रहे हैं. कार्यक्रम को सेवादल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र जोशी ने भी संबोधित किया. मंच पर प्रदेशाध्यक्ष जीतु पटवारी, जिलाध्यक्ष प्रियव्रत सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, बापु सिंह तंवर, रामप्रसाद दांगी, हेमराज कल्पोनी, हजारीलाल मालवीय, कृष्ण मोहन मालवीय, प्रकाश पुरोहित सहित हजारों कांग्रेसजन उपस्थित थे. इस मौके पर जिला युकां अध्यक्ष अमन आरोरा, ब्लाक अध्यक्ष अभयसिंह सिसोदिया, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रचना भार्गव, नंदलाल नागर, प्रदीप जैन, कांग्रेस नेता नरेंश कप्तान, भगवान सिंह राजपूत, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप सादानी, रमेश कमलोदिया, इंजीनियर सूरज सिंह नागर, पूर्व नप अध्यक्ष पंकज यादव, कैलाश सुरावत, पर्वत यादव, विकास शर्मा, देवेंद्र पाराशर, महेश खाती, शांतिलाल नागर, लखन धनगर, शफीक अंसारी, लोकेश पुष्पद अरबाज मेव, गौरव शर्मा, महेश सोनी, घनश्याम मालवीय,सहित अन्य उपस्थित थे.

### दूषित पानी से इंदौर के 35 लोगों की मौत हो गई

प्रेसवार्ता के दौरान पटवारी ने कहा कि बडे व्यथित मन से कहना पड रहा है कि दूषित पानी से इंदौर के 35 लोगों की मौत हो गई। 2 साल की बेटी रिया और 75 वर्ष के शालिग्राम ठाकुरजी का आज निधन हो गया, मैं नि:शब्द हूँ. मुख्यमंत्रीजी, हर एक परिजन की सरकारी हत्या आपकी सरकार के भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रमाण है. पटवारी ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा कहती है कट्टर हिंदू बनो, कांग्रेस कहती है अच्छे हिंदू बनो. यही भाजपा और कांग्रेस की विचारधारा का बुनियादी अंतर है. कांग्रेस सभी जाति, धर्म, वर्ग और समुदायों को तो साथ लेकर चलती ही है.

### इंटरनेट सुरक्षा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**राजगढ़ 10 फरवरी, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में इंटरनेट सुरक्षा दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम में एनआईसी, ई-गवर्नेंस द्वारा विभिन्न साइबर फ्रॉड मामलों पर चर्चा की गई तथा उनकी रोकथाम हेतु आवश्यक उपाय बताए गए. बैठक में डिजिटल अरेस्ट, यूपीआई एवं नेट बैंकिंग पासवर्ड की सुरक्षा को लेकर सावधानियों की जानकारी दी गई. साइबर ठगी की स्थिति में 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर एवं नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया. बैठक में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर भी चर्चा की गई. एआई के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, शॉपिंग और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में उपयोग की जानकारी दी गई. साथ ही इसके दुरुपयोग, प्राइवेसी से जुड़े जोखिम और त्रुटियों को संभावित खतरे बताया गया. यह भी बताया गया कि एआई लर्निंग पर आधारित होता है, इसलिए सही परिणाम हेतु सही इनपुट आवश्यक है. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने कहा कि सोशल मीडिया पर जितनी अधिक व्यभक्तिगत जानकारी साझा की जाती हैं. उन्होंने आमजन से अपील की है कि किसी भी वेबसाइट या ऐप की प्रमाणिकता जांचे बिना कोई जानकारी साझा न करें.

# पेयजल संकट से निपटने की तैयारियों में जुटी नपा



**गर्मी के लिए दो 30-30 एचपी की विद्युत मोटर क्रय करने लगेंगे टेंडर**

**कुशलपुरा डेम एवं घोड़ा पछाड़ नदी पर पानी की स्थिति का लिया जायजा, दोनों जगह पर पर्याप्त पानी**

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 फरवरी, का.** प्रायः गर्मी के दिनों में नगर में भयावह पेयजल संकट के हालात निर्मित हो जाते है. नागरिकों को पेयजल संकट के दौर से गुजरना पड़ता है. पेयजल सप्लाई का अंतराल काफी बढ़ जाता है, यही वजह है कि गर्मी के आते ही पेयजल को लेकर आमजन चिंतित होने लगता है. इन्हीं हालातों के मद्देनजर नपा द्वारा गर्मी के दिनों में पेयजल संकट के हालात न बने, पेयजल सप्लाई सुचारु बनाए रखने कार्ययोजना बनाना शुरु कर दिया है. नगर में पेयजल सप्लाई के दोनों मुख्य केन्द्र कुशलपुरा डेम एवं घोड़ा पछाड़ नदी का नपा प्रबंधन द्वारा जायजा लिया गया.

नपा के अनुसार घोड़ापछाड़ नदी पर मौजूद डम पर पर्याप्त पानी है. इसी प्रकार कुशलपुरा डेम पर भी पानी की उपलब्धता वर्तमान में बेहतर है. नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह द्वारा नपा अमले के साथ दोनों जगह का भ्रमण कर गर्मी में पेयजल सप्लाई सुचारु बनाए रखने व्यापक कदम उठाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये.

**दो विद्युत मोटर क्रय करेगी नपा** – गर्मी में पेयजल सप्लाई को सुचारु बनाए रखने नपा द्वारा कुशलपुरा डेम के लिए 30-30 एचपी की दो विद्युत मोटर क्रय करने का निर्णय लिया है, इसके लिए टेंडर लगाए जा रहे है. विदित है कि गर्मी सीजन के आखिरी दिनों में जब इंटकवेल के आसपास पानी कम हो जाता है तो फिर डेम के समीप मोटर रखकर वहां से पानी लिफ्ट कर इंटकवेल तक लाया जाता है, उक्त मोटर का उपयोग इसी कार्य में किया जाएगा.

*गर्मी के मौसम में सुचारु रुप से पेयजल सप्लाई हेतु नपा द्वारा व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई है. गर्मी के दिनों में सुगमता के साथ शुद्ध पेयजल की सप्लाई हेतु व्यापक कदम उठाए गये है.*

**इकरार अहमद**
**मुख्य नपाधिकारी, ब्यावरा**



### आपात स्थिति में रक्तदान कर बच्ची की मदद की सूबेदार ने

**नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 10 फरवरी, सं.** जिला अस्पताल में भर्ती 10 वर्षीय बच्चे की हालत गंभीर होने पर परिजन दो दिनों से बी-नेगेटिव रक्त की तलाश कर रहे थे. दुर्लभ रक्त समूह होने के कारण ब्लड उपलब्ध नहीं हो पा रहा था. इसी दौरान पुलिस लाइन आरआई सूबेदार दीपक रघुवंशी को इस बता की जानकारी लगी, जिन्होंने तुरंत ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया. इस के पूर्व डॉक्टरों द्वारा तत्काल रक्त चढ़ाने की सलाह दी गई थी. रक्तदान के बाद बच्चे की हालत में सुधार बताया जा रहा है. परिजनों ने पुलिस प्रशासन और सूबेदार दीपक रघुवंशी के प्रति आभार जताया. इस पहल से यह संदेश गया कि समय पर किया गया रक्तदान किसी की जान बचा सकता है.

# वाहनों से डीजल चोरी करने वाले आरोपियों को पकड़ा

**नवभारत न्यूज़ सारंगपुर 10 फरवरी, सं.** पचोर, करनवास ,ब्यावरा थाना क्षेत्रों के हाईवे किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण कर हाईवे किनारे खड़े हेवी वाहनों से डीजल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 02 शातिर आरोपी गिरफ्तार किए है. साथ ही 02 डीजल की कैन भी बरामद की गई है. वहीं घटना में प्रयुक्त कार कुल कीमती करीबन (चार लाख तीन सो रूपए) 4 लाख 3 सौ रुपए का जप्त की है.

हाईवे पर सफर करने वाले अधिकांश ट्रक/हेवी वाहन चालक अपने जीवन का अधिकतम समय यात्राओं में व्यतीत करते हैं, जिसके कारण वे महीनों तक अपने परिवार से दूर रहते हैं. इसी परिस्थिति का लाभ उठाकर यह गिरोह रात्रि के समय हाईवे किनारे खड़े हेवी वाहनों से डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था. अक्सर पीड़ित चालक रिपोर्ट दर्ज कराने नहीं पहुंचते थे, जिससे आरोपियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे थे. पुलिस अधीक्षक महोदय राजगढ़ अमित तोलानी द्वारा जिले में इस प्रकार की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं त्वरित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के. एल. बंजारे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सारंपुर अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सारंगपुर निरीक्षक आकांक्षा हाडा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों की कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी में सफलता प्राप्त की गई. **कार से आते थे डीजल चोरी करने** – बीते 25 नवंबर 2025 की दरमियानी रात धनोरा जोड़ के पास खड़े एक ट्रक मे से स्वीफ्ट कार में सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा डीजल चोरी कर घटना को अंजाम दिया था जिस पर से थाना सारंगपुर पर अपराध क्र 794/25 धारा 303(2) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया. लगभग हाईवे किनारे लगे सीसीटीवी फुटेज एवं टोल टैक्स से आने जाने वाले वाहन का विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के आधार पर चोरी में प्रयुक्त स्वीफ्ट कार एंव डीजल कैन को जप्त कर 02 शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार आरोपियों में माखन पिता गुलाब सिंह संध्या उम्र 20 साल निवासी मल्याहेड़ी थाना देहात ब्यावरा, आरोपी विक्की उर्फ विकास पिता हंसराज शर्मा उम्र 20 साल 18 साल निवासी परेवा थाना चाचौड़ा बीनागंज शामिल है. कार्यवाही में एसडीओपी एवं थाना प्रभारी के निर्देशन में उप निरीक्षक अमित त्यागी, सउनि आनंदीलाल भीलाला, इरशाद, राकेश धाकड़, बनवारी गुर्जर, पिंकल थाना यातायात और तकनीकी टीम, साइबर सेल शशांक यादव की भूमिका रही.

### दोपहर के समय बंद मिला स्कूल, नाराजगी जताई

**खिलचीपुर 10 फरवरी, सं.** खिलचीपुर तहसील के ग्राम मांडाखेड़ा में मंगलवार को सरकारी स्कूल की बड़ी लापरवाही सामने आई. यहां एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय का मुख्य गेट दोपहर 12.47 बजे तक बंद रहा. स्कूल समय पर न खुलने के कारण कक्षा पहली से आठवीं तक के छात्र-छात्राएं बस्ता लेकर बाहर ही शिक्षकों का इंतजार करते रहे. ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नाराजगी जताई. और स्कूल के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए. गांव के अजब सिंह ने बताया कि स्कूल समय पर न खुलने से बच्चों की पढ़ाई लगातार प्रभावित हो रही है.

# मृत गौवंश रखकर नगर परिषद के सामने किया धरना प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 10 फरवरी, सं.** सकल हिंदू समाज द्वारा मंगलवार को मृत गाय को हाथ ठेले में रखकर नगर परिषद कार्यालय के सामने आधे घंटे से अधिक प्रदर्शन किया. उनकी मांग थी कि नगर परिषद क्षेत्र में मृत्य गौ वंश को कचरे के समान समझ कर खुले में फेंक दिया जाता है जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है मृत गोवंश को खुले में फेंकने से आवारा श्वानों द्वारा नोचते हैं. जिससे उनके हिंसक प्रकृति बढ़ती है परिणाम स्वरूप श्वान बाद में आम नागरिकों बच्चों पर भी हमला करने लगते हैं.



हाल ही में नगर में मासूम बच्ची पर श्वानों के हमले के कारण शाजापुर में उपचार चल रहा है. शवों के कारण पर्यावरण प्रदूषण फैलता है नागरिकों ने नगर परिषद अधिकारी हरिओम शर्मा सीएमओ, थाना प्रभारी हुकम सिंह मीणा, पटवारी मनोहर गौड़ के समक्ष नगर परिषद व पटवारी को ज्ञापन दिया. पटवारी ने लिखित में आश्वासन दिया कि 20 फरवरी तक सीमांकन कर दिया जाएगा. नगर परिषद पुलिस व पटवारी द्वारा मौके पर पहुंच कर गौशाला की जमीन पर जेसीबी मशीन द्वारा गड्ढा खोदकर मृत्यु गोवंश को दफनाया गया. सकल हिंदू समाज का कहना है कि गौ माता की समाधि स्थल बनाया जाना चाहिए राशि ना हो तो जन सहयोग से किया जा सकेगा. इस मामले में सीएमओ हरिओम शर्मा ने कहा कि मृत्य गायों को दफनाया जाता था. रात्रि के समय जेसीबी मशीन ड्राइवर नहीं होने के कारण दफनाया नहीं पाए थे. जगह चिन्हित होने पर समाधि स्थल बनाया जाएगा, आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए हमने बाहर से पिंजरा मंगाया गया है आज शाम तक पकड़ कर दूर जाकर छोड़ दिया जाएगा.

**बोर्ड परीक्षा** ▶ **अंग्रेजी के पेपर से शुरू हुई हायर सेकण्डरी परीक्षाएं, 61 केन्द्रों पर हुईं परीक्षाएं, शुरू दिन नहीं बना कोई नकल प्रकरण**

# कड़ी चैकिंग के बाद पहुंचे परीक्षा हॉल में, जिले में 197 अनुपस्थित रहे

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 10 फरवरी, का. मंगलवार से कक्षा 12 वीं हायर सेकण्डरी परीक्षाएं शुरु हुई, बोर्ड के नियमानुसार कड़ी चेकिंग के बाद परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष तक पहुंच सके. जिले के 61 केन्द्रों पर सुचारु रुप से परीक्षाएं हुई, अंग्रेजी के पेपर के साथ परीक्षा की शुरुआत हुई, 197 परीक्षार्थी अंग्रेजी का पेपर देने नहीं पहुंचे. पहले दिन कोई नकल प्रकरण नहीं बना.**

जानकारी के अनुसार मंगलवार को कक्षा 12 वीं का अंग्रेजी का पेपर रहा. जिले के 61 केन्द्र पर परीक्षा हुई, कुल दर्ज 13 हजार 899 परीक्षार्थी में से 13 हजार 702 उपस्थित रहे तथा 197 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.

### जेब, जूते-मोजे किए चेक

परीक्षार्थियों को बारी-बारी से चेकिंग करने के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया. कपड़ो की जेब, जूते-मोजे चेक किए गये. किसी भी प्रकार की कोई सामग्री पाई गई तो उसे बाहर ही रखवाकर प्रवेश दिया गया. इस तरह परीक्षा के पूर्व कड़ी चेकिंग की गई.

### उखड़े रोड से परीक्षा केन्द्र तक पहुंचे परीक्षार्थी

नगर के राजगढ़ रोड पर नयापुरा के यहां स्थित शासकीय मॉडल स्कूल परीक्षा केन्द्र तक राजगढ़ रोड से जाने वाला मार्ग कच्चा होकर बुरी तरह उखड़ा होने से वहां तक परीक्षार्थियों को पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. दूर-दराज जगह से परीक्षा देने पहुंचे परीक्षार्थी एवं परीक्षा केन्द्र पर ड्यूटी देने पहुंचे कर्मचारियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ा.



### जैमर वाले केन्द्रों पर ठप्प रहा नेटवर्क, सिग्नल

जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील केन्द्रो सहित 23 केन्द्रों पर परीक्षा में पूरी तरह पारदर्शिता बरतने यहां विशेष तौर पर जैमर लगाए गये इससे परीक्षा केन्द्र परिसर में मोबाईल का नेटवर्क एवं सिग्नल पूरी तरह ठप्प रहा.

### तलेन में 3 केन्द्रों पर 689 परीक्षार्थी शामिल हुए

**नवभारत न्यूज, तलेन 10 फरवरी, सं.** माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की परीक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हो गई है. मंगलवार को कक्षा 12वीं अंग्रेजी विषय की परीक्षा परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुई कोई नकल प्रकरण नहीं बना. 12वीं की परीक्षा हेतु नगर में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरस्वती शिशु उच्च विद्या मंदिर शासकीय कन्या हाई स्कूल तलेन जिसमें तीनों परीक्षा के दो पर कल 692 परीक्षार्थियों में से 689 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए तीन परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे.द्य परीक्षा का समय सुबह 9 से 12 रहा परीक्षा केंद्र पर 100 मीटर के दायरे में सिर्फ परीक्षार्थी ही इस दूरी के अंदर रह सकते हैं अन्य कोई प्रवेश प्रतिबंधित रखा गया है. नकल रोकने के लिए सख्त व्यवस्था की गई है जिले में चार फ्लाइंग स्कायड त्रिनाथ की गई है. परीक्षार्थियों के चेहरे पर खुशियां दिखाई दी मंगलवार की परीक्षा का पेपर शांतिपूर्ण संपन्न हुआ. परीक्षा संबंधित जो परीक्षा केदो पर परीक्षा केंद्र प्रभारी बनाए गए हैं इन केंद्र पर तैनात दिखाई दिए.


